# प्रसूता की मौत पर अस्पताल में हंगामा

## परिजनों ने महिला चिकित्सक पर लगाया लापरवाही का आरोप

**सीधी, 5 अगस्त. जिला चिकित्सालय में आज प्रसूता की मौत के बाद हंगामा शुरू हो गया है. काफी संख्या में मृतक के परिजनों ने प्रसूता वार्ड में ही आकर हंगामा शुरू कर दिए . सूचना पाकर पुलिस अमला भी पहुंच गया. मृतका के परिजनों का आरोप था कि गलत आपरेशन करने की वजह से प्रसूता की मौत हुई है.**

बताया गया है कि पूजा केवट पत्नी गणेश केवट निवासी सर्रा चुरहट जो प्रसव के दौरान अपने मायके पड़रा में आई थी. उसे जिला चिकित्सालय में सोमवार दोपहर 3 बजे भर्ती कराया गया था. आपरेशन के बाद प्रसूता की मौत हो गई.



जबकि जन्मी बच्ची सुरक्षित है. घटना के बाद परिजन आरोप लगा रहे हैं कि डॉक्टर की लापरवाही से यह घटना घटित हुई है. आपरेशन के दौरान चार यूनिट ब्लड भी दिया गया था. इसके बाद भी प्रसूता को बचाने में डॉक्टरों की लापरवाही सामने आई है. जिस वजह से हंगामा भी शुरू हुआ है और परिजन रोते-बिलखते देखे गए हैं.

### तिराहे में शव रखकर किया चक्काजाम

जिला चिकित्सालय में आज प्रसूता पूजा केवट निवासी सर्रा की आपरेशन के दौरान मौत होने पर आक्रोशित परिजनों ने शव को स्थानीय अस्पताल तिराहे में रखकर शाम करीब 7.30 बजे से चक्काजाम शुरू कर दिया. मृतका के परिजनों की मांग थी कि दोषी डॉक्टरों के विरूद्ध आपराधिक मामला पंजीबद्ध किया जाय. चक्काजाम की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस बल के साथ गोपदबनास तहसील की तहसीलदार एकता शुक्ला समझाइस के लिये पहुंची लेकिन परिजन कुछ सुनने को तैयार नहीं थे. पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ कोतवाली टीआई कन्हैया सिंह भी पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे. काफी समझाइस एवं कार्रवाई के आश्वासन के पश्चात चक्काजाम आंदोलन करीब एक घंटे में खत्म हुआ.

**इनका कहना है**

प्रसूता के आपरेशन के दौरान कोई लापरवाही नहीं थी. बच्ची जिंदा निकली है. प्रसूता की ब्लीडिंग ज्यादा थी जिसे चार यूनिट ब्लड भी दिया गया फिर भी आराम नहीं हुआ, कारण बच्चेदानी का आपरेशन भी हुआ. ब्लड ज्यादा निकलने की वजह से प्रसूता की मौत हो गई. इसमें डॉक्टर की कोई लापरवाही नहीं है.

**- डॉ. एसबी खरे,** सिविल सर्जन जिला अस्पताल सीधी

## जुआ का अड्डा संचालित, थाना प्रभारी सहित तीन पुलिस कर्मी निलंबित

**मुरैना, 05 अगस्त.** मुरैना जिले के एक थाना क्षेत्र में अवैध जुए का अड्डा संचालित पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र के थाना प्रभारी सहित तीन पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी. पुलिस के अनुसार जिले के बागचीनी थाना क्षेत्र के उरहेड़ी गांव में एक बड़े जुए का अड्डा संचालित होने की सूचना पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ को मिली थी. पुलिस अधीक्षक ने कल दीगर थाना क्षेत्र की पुलिस से उक्त जुए के अड्डे पर अचानक छापा मारने के आदेश दिये और वहां से पुलिस ने छापा मारकर छह से अधिक जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चार लाख रुपए से अधिक की नगदी सहित सात कारें और 13 बाइक जब्त की है.

# बैंक मैनेजर रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा

**दूध डेयरी योजना की राशि खाते में डालने के बदले मांगे थे 75 हजार रुपए**

**लोकायुक्त पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**इंदौर, 5 अगस्त. दूध डेयरी निर्माण योजना की स्वीकृत राशि खाते में डालने के बदले रिश्वत की मांग करने वाले केनरा बैंक के ब्रांच मैनेजर को लोकायुक्त पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ लिया. आरोपी मंगलवार को आवेदक से 5 हजार रुपए की रिश्वत ले रहा था, जो कि तीसरी किश्त का हिस्सा थी.**

लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय ने बताया कि आरोपी राधारमण सिंह राजपूत, ब्रांच मैनेजर, केनरा बैंक, छनेरा नया हरसूद जिला खंडवा है. आवेदक विनोद लोवंशी, निवासी ग्राम रामपुरी रेयक तहसील हरसूद ने शिकायत की थी कि आचार्य विद्यासागर योजना अंतर्गत स्वीकृत 6 लाख की अनुदान राशि को खाते में डालने के एवज में आरोपी ने 75,000 की रिश्वत मांगी थी. इसकी पहली किश्त 10,000 आरोपी पहले ही ले चुका था. आवेदक ने इसकी शिकायत एसपी लोकायुक्त को दी थी जांच के बाद शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद ट्रैप कार्रवाई की गई. जैसे ही आरोपी ने 5,000 की दूसरी किश्त अपने हाथ में ली, पहले से तैनात लोकायुक्त दल ने उसे रंगेहाथ पकड़ लिया. आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत प्रकरण दर्ज किया है.



**ट्रैप दल में ये अधिकारी रहे शामिल**

कार्रवाई में डीएसपी सुनील तालान, निरीक्षक सचिन पटेरिया, आरक्षक विजय सेलार, अनिल परमार, पवन पटोरिया, टाइपिस्ट प्रभात मोरे, चालक शेरसिंह ठाकुर, और दो पंच साक्षी शामिल रहे.

## संयोगिता ने देश को दिलाया गोल्ड मेडल

**सीधी, 5 अगस्त.** एक बार फिर सीधी की बेटी संयोगिता सिंह भदौरिया ने वूशु इंटरनेशनल में देश को गोल्ड मेडल दिलाया है.ये हटवा चितांग की रहने वाली है और वूशु ट्रेनिंग सेंटर पुलिस लाईन सीधी की छात्रा है . ये प्रतियोगिता 1 अगस्त से 6 अगस्त 2025 तक बातूनी जॉर्जिया में आयोजित हुई . पुलिस लाइन वूशु ट्रेनिंग सेंटर सामुदायिक भवन में वुशू खिलाडियों को प्रशिक्षित दिया जाता है. इस दौरान पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिए जाते हैं जिसके फलत: खिलाड़ी आज माता-पिता के साथ जिले व प्रदेश व देश का नाम रौशन कर रहे हैं .

# मुरैना में दो गुटों में गोलीबारी, महिला घायल

**पहले भी कई मौकों पर हो चुका है आपसी विवाद**

**मुरैना, 5 अगस्त. मुरैना में दो गुटों के बीच झड़प के दौरान गोलियां चलने से 35 वर्षीय एक महिला घायल हो गई.छोटी लालोर रेलवे फाटक के पास गोलीबारी के दौरान लगभग 11 गोलियां चलने की आवाज सुनी गई और यह लगभग 10 मिनट तक चली.**

मुरैना की नगर पुलिस अधीक्षक दीपाली चंदोलिया ने बताया कि फूल सिंह जाटव और नवाब सिंह जाटव के बीच स्थानीय प्रभुत्व को लेकर लंबे



समय से विवाद चल रहा था और दोनों गुट पहले भी कई मौकों पर भिड़ चुके हैं. उन्होंने कहा कि फूल सिंह और नवाब सिंह के बेटों ने कुछ दिन पहले शराब पीकर झगड़ा किया था. उन्होंने कहा, ''सुबह फूल सिंह हथियार लेकर तीन लोगों के साथ नवाब सिंह के घर गया, जहां हाथापाई हो गई.'' अधिकारी ने कहा कि नवाब सिंह और उसके परिवार के सदस्यों ने कथित तौर पर उन पर हमला किया और गोलियां चलाईं, जिसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गोलीबारी की.

बताया गया कि फूल सिंह के समूह में शामिल सुनीता जाटव को सीने और पीठ में गोली लगी तथा उसे जिला अस्पताल ले जाया गया. डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए ग्वालियर भेज दिया. वरिष्ठ अधिकारी और पुलिसकर्मी मुठभेड़ स्थल पर पहुंच गये और उन्होंने आरोपियों की तलाश शुरू की. इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है.

# फर्जी तरीके से परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी को सजा

- **कम्प्यूटर बायोमेट्रिक डाटा में फिगंर प्रिंट नहीं मिले**
- **न्यायालय ने आरोपी पर 3 हजार का अर्थदंड भी लगाया**

**उज्जैन. आरक्षक संवर्ग कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में साल्वर से परीक्षा दिलाने के बाद फिजिकल टेस्ट के लिये पहुंचे युवक को कम्प्यूटर बायोमेट्रिक डाटा में फिगंर प्रिंट नहीं मिलने पर पकड़ा था. जिसके खिलाफ धारा 419, 120 बी का प्रकरण दर्ज किया था. 94 माह बाद न्यायालय ने आरोपी युवक को 2 साल की**



**सजा सुनाई है.**

वर्ष 2016 में यूएसटी ग्लोबल भोपाल कंपनी द्वारा कम्प्यूटर बायोमेट्रिक डाटा के अनुसार आरक्षक संवर्ग कांस्टेबल भर्ती परीक्षा आयोजित कराई थी. मुरैना स्थित सबलगढ़ के ग्राम मांगरोला से रामअवतार पिता रमहंत रावत सागर में सॉल्वर विमल से रोल नम्बर 212224147 पर परीक्षा दिलवाई थी. जिसमें पास होने पर वह फिजिकल टेस्ट के लिये उज्जैन आया था. उस दौरान अभियार्थी रामअवतार के उंगलियों के निशान लिये गये. अभियार्थी की उंगलियों पर चिपचिपा पदार्थ फेविकिट लगा होना सामने आया था. पूछताछ करने पर वह परीक्षा दिनांक और समय के साथ परीक्षा केन्द्र की जानकारी नहीं दे पाया था. वहीं कम्प्यूटर पर लोड फार्म में हस्ताक्षर का मिलान भी नहीं हो पाया. मामला संदिग्ध होने पर फर्जी अभियार्थी रामअवतार को माधवनगर पुलिस के सुपुर्द किया गया था. जहां जांच के बाद तत्कालीन एसआई विजय सनस ने आरोपित युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया था.

94 माह चली सुनवाई के बाद मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि प्रकरण में प्रभारी उपनिदेशक अभियोन राजेन्द्र कुमार खांडेगर द्वारा अनुसंधान मे विधिक परामर्श और साक्ष्य संकलन में मार्गदर्शन किया. जिसके बाद प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्पित जैन ने फैसला सुनाते हुए आरोपी रामअवतार को धारा 419, 120 बी भादवी के अंतर्गत 2 साल की सजा और 3 हजार के अर्थदंड से दंडित किया. मामले में पैरवी एडीपीओ हार्दिक देवकर द्वारा की गई.

# तालाब में डूब गए दो स्कूली विद्यार्थी

## स्कूल परिसर में ही बना था तालाब, सुरक्षा के इंतजाम नहीं

**रीवा, 5 अगस्त. मऊगंज जिले की जनपद पंचायत नईगढ़ी के अंतर्गत आने वाले शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुडिला में मंगलवार शाम साढ़े बजे के आसपास को दिल दहला देने वाली घटना हुई.**

विद्यालय परिसर में ही बने गहरे तालाब में दो छात्र डूब गए, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई यह स्कूल वर्षों से तालाब के भीतर संचालित हो रहा है, जहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं. मृतक छात्रों की पहचान शिबू जायसवाल (13) निवासी बुढ़वा, और प्रांशु विश्वकर्मा (13 वर्ष )निवासी गढ़वा, लखन खोरिहान



के रूप में हुई है. दोनों छात्र कक्षा 7 वीं में पढ़ते थे छुट्टी के बाद जब वे तालाब के पास खेल रहे थे, तभी फिसलकर गहरे पानी में चले गए. सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस को बुलाया और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.परिजनों और ग्रामीणों ने स्कूल प्रशासन और शिक्षकों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि छुट्टी के तुरंत बाद शिक्षक पहले निकल जाते हैं, और बच्चों की सुरक्षा की कोई निगरानी नहीं होती.

# शादी से इनकार करने पर युवती ने खाया जहर, मौत

- **प्रेमी के मुकरने से थी आहत, पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट**

**इंदौर, 5 अगस्त. शादी का वादा कर मुकरने से आहत युवती ने जहरीली दवा खाकर जान दे दी. घटना सिमरोल क्षेत्र के लालबाई फूलबाई गांव में हुई.**

21 वर्षीय मृतका हरशिता को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है. जांच में सामने आया है कि 23 वर्षीय हरशिता का शुभम शिंदे, निवासी ग्राम बागोद, जिला खरगोन से प्रेम संबंध था. शुभम ने पहले हरशिता से शादी का वादा किया, लेकिन बाद में वह पीछे हट गया. इस बात से आहत होकर हरशिता ने सुबह करीब 10.15 बजे घर में जहरीला पदार्थ खा लिया.

परिजन ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी. पुलिस ने आरोपी युवक शुभम के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करना की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है. फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है और आरोपी की भूमिका की जांच कर रही है.

# लोकायुक्त ने महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक को 20 हजार की घूस लेते पकड़ा

**ग्वालियर, 5 अगस्त. शिवपुरी जिले के नरवर में लोकायुक्त ग्वालियर की टीम ने मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक अनीता श्रीवास्तव को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अनीता एक युवती को आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर नौकरी दिलवाने के बदले 1 लाख 80 हजार मांग रही थी.**

लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक निरंजन लाल शर्मा ने बताया कि ग्राम वीरपुर तहसील निवासी शिशुपाल जाटव की बहन ने अपने गांव में खाली पड़े आंगनवाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन किया था। कुछ दिन बाद पर्यवेक्षक



अनीता ने फोन कर बताया कि उसका नाम चयन सूची में दूसरे नंबर पर है। उसने कहा कि पैसा देने पर नौकरी पक्की हो जाएगी। इसके बाद शिशुपाल अनीता से व्यक्तिगत रूप से मिला। पर्यवेक्षक ने 1.80 लाख रुपए की रिश्वत मांगी। बातचीत के बाद सौदा डेढ़ लाख रुपए में तय हुआ। शिशुपाल ने पूरी बातचीत का ऑडियो रिकॉर्ड कर लिया और लोकायुक्त ग्वालियर में शिकायत की. टीम ने मंगलवार को योजनानुसार जैसे ही शिशुपाल ने पर्यवेक्षक को 20 हजार रुपए दिए, टीम ने अनीता को रंगे हाथों पकड़ लिया। रिश्वत की रकम लोकायुक्त पुलिस ने उसके हाथ से बरामद कर ली. टीम ने अनीता के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है.

# सिरफिरे प्रेमी ने छात्रा की कुल्हाड़ी मारकर कर दी हत्या

- **शौचालय के लिए घर के बाहर निकली थी युवती**

**जबलपुर, 5 अगस्त. पाटन के ग्राम सकरा में सिरफिरे प्रेमी ने 17 वर्षीय स्कूली छात्रा को मौत के घाट उतार दिया. घटना तड़के 4 बजे के आसपास की बताई जा रही है. परिजनों के मुताबिक किशोरी जब वॉशरूम के लिए घर के बाहर निकली तभी घात लगाए बैठे आरोपी ने उस पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया.**

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. दर्द से कराह रही छात्रा की चीख सुनकर उसके माता-पिता और बहन जब मौके पर पहुंचे तो वह खून से लथपथ पड़ी हुई थी. गंभीर रूप से घायल छात्रा को पाटन स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. जानकारी के मुताबिक पाटन थाना अंतर्गत ग्राम सकरा में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी पाटन के शासकीय स्कूल में 11वीं कक्षा की छात्रा थी. वही 22 वर्षीय आरोपी राकेश प्राइवेट जॉब करता है. राकेश अक्सर ही छात्रा के साथ छेड़खानी करता था और उस पर जबरन दबाव शादी का बना रहा था. किशोरी ने कई बार राकेश से यह भी कहा था कि अगर वह उसे परेशान करना नहीं छोड़ता है तो वह पुलिस से शिकायत कर देगी.

# सूरजना फाटे पर हादसा, 3 जिंदगियां लील गया

**तेज रफ्तार कार की टक्कर से मची चीख-पुकार**

**घायलों को समय पर नहीं मिली मदद**

**देवास, 5 अगस्त. जिले के पीपलरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनकच्छ रोड पर स्थित सूरजना फाटे के पास सोमवार शाम को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की जान चली गई. घटना में तेज़ रफ्तार से आ रही अल्टो कार ने सामने से आ रही बाइक को ज़ोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरी.**

### खाखीपार में ट्रक के ठोकर से बाइक सवार की मौत

**सिंगरौली.** पुलिस चौकी बरका के खाखीपार दुधिया टोला में आज दिन मंगलवार की देर शाम एक बेकाबू ट्रक चालक ने मोटर साइकिल सवार चालक को ठोकर मार दिया. जहां मोटर साइकिल के चालक की मौत हो गई और मृतक की दो बेटिया गंभीर रूप से घायल हो गई हैं. जानकारी के मुताबिक सरई थाना क्षेत्र के खाखीपार टोला में उस वक्त एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जब मोटरसाइकिल सवार नारेन्द्र सिंह उम्र 35 वर्ष अपनी बेटी काजल 9 वर्ष एवं रीतू 16 वर्ष को मोटरसाइकिल में लेकर कहीं से शाम के समय घर जा रहे थे कि खाखीपार दुधिया टोला के पास बेकाबू ट्रक वाहन क्रमांक सीजी-0 4 जेबी 7418 के चालक ने ठोकर मार दिया. जिसमें मोटरसाइकिल सवार चालक अपने बेटियों के साथ घायल हो गया. इस हादसे में नारेन्द्र सिंह ने दम तोड़ दिया.

हादसे में बाइक सवार कमल (निवासी सिरोलिया, जिला शाजापुर) और देवकरण (निवासी नागझिरी) की मौके पर ही मौत हो गई. तीसरे युवक गजराज (निवासी लसूड़िया मेहा, शाजापुर) को गंभीर अवस्था में पहले सोनकच्छ अस्पताल ले जाया गया और वहां से देवास रेफर किया गया. लेकिन इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद घायलों को काफी देर तक मदद नहीं मिल पाई. एम्बुलेंस समय पर मौके पर नहीं पहुंच सकी, जिसके चलते घायल युवकों को पुलिस ने अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया.

पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि कार की तेज़ रफ्तार हादसे का मुख्य कारण बनी. वहीं स्थानीय लोगों में एम्बुलेंस सेवाओं की लचर व्यवस्था को लेकर नाराज़गी देखी गई. इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं. तीन युवकों की असमय मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है.

# नैनपुर रेलवे स्टेशन पर कोच गाइडेंस सिस्टम नदारद

- **बढ़ती ट्रेनों और यात्रियों के बीच सुविधा का अभाव**

**नैनपुर, 5 अगस्त. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले नैनपुर जंक्शन में ट्रेनों की संख्या में वृद्धि तो हुई है, लेकिन यात्री सुविधाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है. वर्तमान में स्टेशन पर कोच गाइडेंस सिस्टम की अनुपस्थिति यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रही है.**

हाल ही में नैनपुर से तीन नई ट्रेनों का संचालन प्रारंभ हुआ है, साथ ही अन्य ट्रेनों का भी नियमित रूप से आना-जाना जारी है. इस बढ़ती भीड़भाड़ के बीच यात्री यह तय ही नहीं कर पाते कि उनका आरक्षित कोच प्लेटफॉर्म पर कहाँ आएगा. ट्रेन के आगमन पर कोच की स्थिति तय न होने के कारण अफरातफरी की स्थिति बन जाती है, जिससे विशेष रूप से बुजुर्ग यात्रियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है.

यद्यपि स्टेशन के उद्घोषणा कक्ष के माध्यम से कोच की पोजिशन की जानकारी दी जाती है, परंतु यह प्रणाली सभी यात्रियों तक समय पर नहीं पहुँच पाती. यदि प्लेटफॉर्म पर कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड लगे होते, तो यात्री निर्धारित स्थान पर समय से पहले पहुंचकर आसानी से ट्रेन में सवार हो सकते थे.

**एडवाइजरी जारी** एसबीआई योनो आधार अपडेट के नाम से वाट्सअप पर भेज रहे लिंक

# एपीके फाइल से हो सकती है धोखाधड़ी

**रतलाम, 5 अगस्त. शातिर बदमाशों द्वारा वाट्सअप ग्रुपों में एसबीआई एपीके फाईल को फारवर्ड किया जा रहा हैं, जिसमें डाउनलोड व इंस्टाल कराकर धोखाधड़ी कर रहे हैं.**

सायबर ठगी के नए नए तरीकों से लोगों को ठगने के बढ़ते मामलों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में सायबर क्राइम सेल रतलाम टीम द्वारा आम लोगों को सायबर ठगी ने नए नए तरीकों के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सायबर फ्रॉड



के तरीके और उनसे बचने के उपाय के बारे में समय समय पर एडवाइजरी जारी की जा रही है. इसी क्रम में वर्तमान में सायबर फ्रॉड का जो तरीका सायबर अपराधियों द्वारा अपनाया जा रहा है उसमें सायबर अपराधी एपीके या ईएक्सई फाइल भेजकर आम लोगों के साथ अलग अलग तरह से धोखाधड़ी कर रहे है. लोग इस तरह की एपीके फाइल किसी अनजान वेबसाइट या फिर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिखाई देने वाले विज्ञापन से डाउनलोड कर लेते है. इसके साथ है हैकर्स व्हाट्सएप के माध्यम से भी एसबीआई योनों आधार या पेन कार्ड अपडेट, पीएम किसान योजना, पीएम आवास योजना या कोई शादी का आमंत्रण कार्ड के नाम से एपीके फाइल भेजते है. कई बार हैकर्स हमारे व्हाट्स ऐप को हैक करके भी हमारे कॉन्टैक्ट्स या ग्रुप में को हमारे व्हाट्स ऐप नंबर से एपीके फाइल योनो एसबीआई आधार अपडेट, शादी के कार्ड या पीएम आवास योजना के नाम से या किसी अन्य नाम से भेज देते है.

बीते कुछ माह पहले जबलपुर से एक मामला सामने आया जिसमें एक 28 वर्षीय युवक ने वाट्सअप पर आई एक सामान्य सी दिखने वाली फोटो डाउनलोड की और कुछ ही समय में उसके बैंक खाते से करीब 2 लाख रुपये गायब हो गए. स्टेगनोग्राफी एक ऐसी तकनीक है जिसके ज़रिए डेटा को किसी मीडिया फाइल के भीतर छिपाया जाता है. इसमें डाटा फाइल के उस हिस्से में छिपाया जाता है जो हमारी नजरों से छिपा रहता है.

## भू - जलस्तर एकदम से बढ़ा, हेडपंप अपने आप पानी उगल रहे

**ग्वालियर, 5 अगस्त.** अतिवृष्टि से भू - जलस्तर ग्वालियर जिले में एकदम से बढ़ गया है. हेडपंप चलाए बिना ही अपने आप पानी उगल रहे हैं. लगातार बारिश से लबालब हुए बांध, नदियां उफान पर रहने, नहरें पानी से भरीं होने और जलभराव होने से भू जल स्तर बढ़ गया है. भू जल स्तर बढ़ने से लखेश्वरी माता मंदिर प्रांगण में लगे हेडपंप से अपने आप पानी निकल रहा है. वहीं इसी प्रकार अन्य गांवों में कुछ जगह हेडपंप के अपने आप पानी उगलने की सूचना मिली है. उल्लेखनीय है. कि पिछले वर्षों में अवर्षा से भितरवार क्षेत्र में भू - जल काफी नीचे चला गया था जिससे लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था.

# रेल हादसे को टाला : विक्रम को रेलवे ने दिया नगद पुरस्कार

- **रेलवे ट्रैक पर पड़ी दरार की सूचना समय पर दी थी**
- **अब स्थानीय स्तर पर भी हो रही सराहना**

**गरोठ, 5 अगस्त. रेलवे ट्रैक पर पड़ी दरार को समय रहते देखकर सूचना देने वाले रिछा निवासी विक्रम सिंह की जागरूकता ने एक बड़ा हादसा टाल दिया. रेलवे प्रशासन ने उनकी सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें 2100 का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया.**

घटना के अनुसार, विक्रम सिंह जब रिछा स्टेशन के समीप रेलवे लाइन से गुजर रहे थे, तब उन्होंने मध्य ट्रैक में संभावित दरार देखी. बिना समय गंवाए उन्होंने लूनी स्टेशन की ओर दौड़ लगाई और स्टेशन मास्टर को इस बारे में तुरंत जानकारी दी.सूचना मिलते ही रेलवे का टेक्निकल स्टाफ मौके पर पहुंचा और ट्रैक की जांच कर आवश्यक मरम्मत कार्य प्रारंभ किया गया. विक्रम सिंह की इस सूझबूझ और त्वरित सूचना से संभावित रेल हादसा टल गया. कोटा मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा विक्रम को नगद पुरस्कार स्टेशन मास्टर के माध्यम से तत्काल प्रदान किया गया.

## सिरोल-अलापुर सड़क फिर धंसकी, 47 दिनों में ऐसा 26वीं बार हुआ

ग्वालियर. शहर में सिरोल-अलापुर रोड एक बार फिर बारिश के कारण धंसक गई. इससे दो पहिया और चार पहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो गए. लोगों ने पहले नगर निगम से गुहार लगाई, लेकिन जब निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस गड्ढे को नहीं भरा तो लोगों ने खुद ही इसे भरना शुरू कर दिया. लोगों ने संकेत के रूप में यहां लाल झंडे लगाकर सड़क किनारे डले मलबे और कचरे से गड्ढे को भर दिया है. नगर निगम के वार्ड 61 में आने वाली इस रोड पर कुछ समय पहले सीवर लाइन डाली गई थी. लाइन डालने के बाद सही कॉम्प्लेक्शन कराए बिना यह